PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
मंगलवार ,27,जनवरी 2026 01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Delhi NCR Weather: दिल्ली-एनसीआर में बारिश से बढ़ी ठंड

### आज के लिए IMD का यलो अलर्ट



दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया, जिससे दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। मौसम में आए इस बदलाव के कारण राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में ठंड का असर और बढ़ गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद और फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार दिनभर रुक-रुक कर बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे खुले इलाकों और ऊंची जगहों पर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते यह बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी सिस्टम की वजह से बादल, बारिश और ठंडी हवाओं का प्रभाव दिल्ली-एनसीआर तक पहुंचा है। बारिश के चलते न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, वहीं अधिकतम तापमान भी सामान्य से नीचे बना हुआ है। राजधानी में अधिकतम तापमान करीब 18 से 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया है। बारिश का असर जनजीवन पर भी देखने को मिला। सुबह और शाम के समय सड़कों पर यातायात धीमा रहा, वहीं दफ्तर जाने वाले लोगों को ठंड और बारिश के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## Mark Carney India Visit: मार्च में भारत आ सकते हैं कनाडा के पीएम

### ऊर्जा व व्यापार समझौतों पर बन सकती है सहमति



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी मार्च महीने में भारत के दौरे पर आ सकते हैं। प्रस्तावित दौरे को दोनों देशों के बीच रिश्तों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस यात्रा के दौरान भारत और कनाडा के बीच ऊर्जा, व्यापार और निवेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत हो सकती है। लंबे समय से ठहरे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने की दिशा में यह दौरा एक बड़ा कदम माना जा रहा है। दौरे के दौरान ऊर्जा सहयोग प्रमुख एजेंडा में शामिल रहने की संभावना है। खास तौर पर स्वच्छ ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) के क्षेत्र में साझेदारी पर चर्चा हो सकती है। कनाडा प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध देश है, व्यापार और निवेश को लेकर भी सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच लंबित व्यापार समझौतों पर सहमति बनाने की कोशिश तेज हो सकती है। भारत की ओर से आईटी, फार्मा, ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश आकर्षित करने पर जोर रहेगा, जबकि कनाडा कृषि, शिक्षा और तकनीकी सहयोग को बढ़ाने में रुचि दिखा सकता है।

## अलीगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

### तिरंगा फहराकर संविधान के प्रति जताई आस्था




अलीगढ़ में 26 जनवरी को बड़े हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। शहर के विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में तिरंगा फहराया गया और संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान व्यक्त किया गया। समारोह में स्कूल, कॉलेज और सामाजिक संस्थाओं के लोग शामिल हुए, और राष्ट्रीय गान गाकर इस अवसर को और भी गरिमामय बनाया गया। इसके अलावा बच्चों और नागरिकों ने देशभक्ति के गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। प्रशासन ने सुरक्षा और कार्यक्रमों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की, ताकि यह दिन शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण रूप से मनाया जा सके। गणतंत्र दिवस के इन आयोजनों के जरिए अलीगढ़ में यह संदेश दिया गया

मिल्लत रोड स्थित तालीम-ए-मिल्लत इस्लामिया इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद राष्ट्रगान गूंजा। इस अवसर पर वक्ताओं ने संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों और देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। गणतंत्र दिवस के इन आयोजनों के जरिए अलीगढ़ में यह संदेश दिया गया कि संविधान ही देश की सबसे बड़ी ताकत है और सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि वे इसके मूल्यों का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।



## Shakeel Ahmad v Rahul Gandhi

### राहुल को असुरक्षित नेता बताने वाले पूर्व कांग्रेस सांसद का दावा- मिल रही धमकियां



राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर दिए गए बयान के बाद कांग्रेस के पूर्व सांसद शकील अहमद सुर्खियों में हैं। राहुल गांधी को "असुरक्षित नेता" बताने वाले अपने बयान पर शकील अहमद ने अब बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि इस बयान के बाद से उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। शकील अहमद का कहना है कि उन्होंने यह बात किसी को नीचा दिखाने या पार्टी को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नहीं कही थी। पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि धमकियों के बावजूद वह अपने बयान से पीछे हटने वाले नहीं हैं। पार्टी के कुछ नेता जहां बयान को निजी राय बता रहे हैं, वहीं कुछ इसे अनावश्यक विवाद करार दे रहे हैं। शकील अहमद ने पार्टी नेतृत्व से अपील की है कि वह इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करे और उन्हें मिल रही धमकियों को गंभीरता से ले। वहीं राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह विवाद आने वाले दिनों में और तूल पकड़ सकता है। राहुल गांधी की सुरक्षा और पार्टी के आंतरिक मतभेदों को लेकर यह मुद्दा विपक्ष को भी कांग्रेस पर हमला करने का मौका दे सकता है। उन्होंने साफ कहा कि डराने-धमकाने से उनकी आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

## आज के दिन: पीएम मोदी आईईडब्ल्यू 2026 सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन




आज का दिन देश की राजनीति और विकास से जुड़े कई अहम कार्यक्रमों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आईईडब्ल्यू 2026 (India Energy Week) सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन भारत की ऊर्जा नीति, ऊर्जा सुरक्षा और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेहद अहम माना जा रहा है। कार्यक्रम में स्वच्छ ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, हरित हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और आत्मनिर्भर भारत के ऊर्जा विजन पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। पीएम मोदी अपने संबोधन में भारत की ऊर्जा रणनीति, वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत की भूमिका और सतत विकास को लेकर सरकार के रोडमैप को सामने रख सकते हैं। आईईडब्ल्यू 2026 सम्मेलन में देश-विदेश से नीति निर्माता, ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ, उद्योग जगत के दिग्गज और निवेशक हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि इस मंच से कई नई योजनाओं और निवेश प्रस्तावों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे भारत के ऊर्जा क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन आज अपने पहले पश्चिम बंगाल दौरे पर रहेंगे। यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम माना जा रहा है। अपने इस दौरे के दौरान नितिन नवीन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठकों में हिस्सा लेंगे और जमीनी हालात का जायजा लेंगे। भाजपा की रणनीति को मजबूत करने के लिहाज से यह दौरा महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। नितिन नवीन के दौरे के दौरान आगामी चुनावी तैयारियों, संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा होने की संभावना है। साथ ही वे स्थानीय मुद्दों, जनभावनाओं और राजनीतिक समीकरणों को भी समझने की कोशिश करेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब पश्चिम बंगाल की राजनीति में सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच सियासी टकराव लगातार तेज हो रहा है। कुल मिलाकर आज का दिन देश के लिए ऊर्जा नीति और राजनीतिक गतिविधियों दोनों के लिहाज से खास रहने वाला है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की ऊर्जा दिशा पर मंथन होगा, वहीं दूसरी ओर नितिन नवीन का बंगाल दौरा आने वाले समय में राज्य की राजनीति पर असर डाल सकता है।

# Aaj Ka Rashifal 27 January

## इन 5 राशि वालों को मिलेगा किस्मत का भरपूर साथ और पूरे होंगे अधूरे काम

27 January Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 27 जनवरी 2026 का राशिफल।आज मंगलवार, 27 जनवरी का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर मेष राशि और भरणी नक्षत्र में है फिर इसके बाद चंद्रमा वृषभ राशि और कृतिका नक्षत्र में गोचर करेंगे। इस तरह से आज लक्ष्मी योग,शशि योग और गौरी योग का निर्माण होगा।



### मेष

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपका यदि कोई महत्वपूर्ण काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। संतान किसी नौकरी से संबंधित परीक्षा को देने के लिए कहीं बाहर जा सकती हैं। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना होगी। आपको किसी शारीरिक समस्या को लेकर लापरवाही बरतने से बचना होगा। संतान की फरमाइश पर आप किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। परिवार के सदस्य मिलकर काम करेंगे।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन आपको किसी नई नौकरी से बुलावा आ सकता है, फिलहाल पुरानी में ही टिके रहे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी, लेकिन कुछ खर्च अकस्मात आने से आपकी बेवजह की टेंशन बढ़ेगी, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे और आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपनी जिम्मेदारी से बिल्कुल पीछे नहीं हटाना है और आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइस प्लान करेंगे। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको वापस मिलने की संभावना है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके लिए गए निर्णय के लिए आपको पछतावा हो सकता है, क्योंकि संतान के मनमाने स्वभाव के लेकर आपको टेंशन रहेगी। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। संयम से कामों को निपटाने की कोशिश करें। यदि भाई व बहनों में कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा है, तो उसके लिए आपको उनके साथ बैठकर पूरे मुद्दे को जानने की आवश्यकता है और कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से पेंडिंग चल रहा था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को लेकर कोई पार्टनरशिप कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी, लेकिन परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी और आप काम को लेकर मेहनत अधिक करेंगे, जिससे आपको शाम के समय सिरदर्द, बदन दर्द आदि जैसी समस्या भी होने की संभावना है। आप किसी से धन उधार लेने से बचें, क्योंकि आपको आने वाले समय में उसे उतारने में समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

### कन्या

आज आपको काम को लेकर थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है, इसलिए आपको यदि कोई जिम्मेदारी मिले, तो उसे समय से पूरा करने की कोशिश करें। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की सेहत को लेकर एहतियात बरतनी होगी। यदि आप कहीं घूमने-फिरने जाएं, तो किसी से मांगकर वाहन न चलाएं। आपको राजनीति से संबंधित किसी काम में थोड़ा समझदारी दिखाते हुए आगे बढ़ना होगा। आपके जन समर्थन में भी इजाफा होगा और आपको किसी नए पद की प्राप्ति भी हो सकती हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए आय पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको आय और व्यय में तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह करने से बचना होगा। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की दी गई सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी, लेकिन आपकी सेहत में कोई समस्या खड़ी होगी, जिससे आपकी मुश्किले बढ़ सकती हैं। आप अपने काम पर फोकस बनाए रखें, नहीं तो बॉस आपसे नाराज हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे पर परिजन से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं, जिसमें आपका खर्चा भी अधिक होगा। आपको अपने माताजी से किसी बात को लेकर लापरवाही नहीं करनी है और छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को भी आप आसानी से निपटा पाएंगे, जिससे आपके काम आसानी से पूरे होंगे।

### धनु

आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे, उसमें अच्छा इन्वेस्टमेंट करने की भी सोचेंगे। आपको यार दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करके आपकी कोई टेंशन थोड़ा कम होगी। संतान आपकी जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी और आपकी अपने प्यार से मुलाकात होगी। जो लोग रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में तीव्र गति से आगे बढ़ेंगे। जिसे देखकर आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न होंगे। राजनीति में आपको थोड़ी समझदारी दिखाते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है, क्योंकि लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन फिर भी आपको किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है, नहीं तो वह आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। सरकारी काम आपका पूरा हो सकता है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों के तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। जीवनसाथी को प्रमोशन आदि मिलने से खुशी होगी और परिवार के सदस्य में एकजुटता बनी रहेगी। भाई-बहन भी आपको काम को लेकर अच्छी सलाह देंगे। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे, लेकिन आपको अपने किसी मित्र की सेहत को लेकर चिंता सता सकती हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयां लेकर आने वाला है। आपको किसी लापरवाही के कारण मुश्किलें बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी किसी से कहासुनी होने की संभावना है। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके प्यार की दस्तक हो सकती है। आपको किसी से उधार लेने से बचना होगा। बिजनेस में यदि आप किसी योजना में इन्वेस्टमेंट करेंगे, तो वह आपके लिए आने वाले समय में अच्छा रहेगा, लेकिन आपको पार्टनरशिप पूछकर करना बेहतर रहेगा।

आज मंगलवार, 27 जनवरी का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर मेष राशि और भरणी नक्षत्र में है फिर इसके बाद चंद्रमा वृषभ राशि और कृतिका नक्षत्र में गोचर करेंगे। इस तरह से आज लक्ष्मी योग,शशि योग और गौरी योग का निर्माण होगा। ऐस में कई राशि वालों को आज के दिन शुभ और लाभदायक सिद्ध होगा। आइए जानते हैं आज का राशिफल।

# Delhi NCR Weather:

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से बढ़ी ठंड, आज के लिए IMD का यलो अलर्ट



कड़ाके की ठंड के बीच दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हो रही है। आईएमडी ने मौसम में बदलाव की चेतावनी दी थी और 27 जनवरी के लिए बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया था। राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में कड़ाके की ठंड के बीच हो रही बारिश ने मौसम के मिजाज को पूरी तरह से बदल दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा पहले ही दिल्ली के मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की गई थी, और 27 जनवरी के लिए बारिश को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया था। मंगलवार की सुबह कोहरे और धुंध के साथ हुई, जिसके बाद तेज बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को फिर से दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ली है। तेज हवाओं के साथ शुरू हो गई है। बारिश का यह दौर दिन भर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए चेतावनी जारी की है। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। बीते कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद एक बार फिर बारिश और आंधी-तूफान जैसी स्थिति बन सकती है। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।बारिश के कारण दिन के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सुबह के समय दृश्यता भी काफी कम रही, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। बर्फीली हवाओं के चलने से लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर होना पड़ा है। यह स्थिति आने वाले दिनों में भी जारी रहने की उम्मीद है, जिससे ठंड का प्रकोप और बढ़ सकता है। उधर, दिल्ली की हवा की गुणवत्ता एक बार फिर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 281 दर्ज किया गया है, जो 'खराब' श्रेणी में आता है।


# Rajasthan News:

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हादसा, ट्रक में फंसकर आठ किलोमीटर तक घिसटती रही कार, चार की मौत



दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। कार करीब 8 किमी तक ट्रक के साथ घिसटती रही। उज्जैन से नोएडा लौट रहे चार श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हुआ। दिल्ली -मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह हुए हादसे में कार सवार चार लोगों की जान चली गई। दौसा जिला मुख्यालय पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल है। ट्रक में कार बुरी तरह फंस गई थी। कार करीब 8 किमी तक ट्रक के साथ घिसटती चली गई। गाड़ी में फंसे शव भी कार के साथ घिसटते चले गए थे। उन्हें निकालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हादसा पापड़दा थाना इलाके में एक्सप्रेसवे के पिलर नंबर-193 के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। नांगल राजावतान के DSP दीपक मीणा ने बताया कार में पांच श्रद्धालु सवार थे। सभी उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर नोएडा लौट रहे थे। मृतकों में नोएडा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले राहुल गुप्ता (35), पारस अग्रवाल (35), प्रिंस गुप्ता (23) और विक्रम सिंह (30) शामिल हैं। वहीं कार की सबसे पीछे की सीट पर बैठे बृजमोहन गुप्ता को मामूली चोटें आई हैं।कार में फंसे ड्राइवर सहित अन्य लोगों को पहचान बड़ी मुश्किल से हो पाई। हादसा इतना भीषण था कि शव बुरी तरह कुचल गए थे। उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर लौट रहे पांच श्रद्धालुओं में से अकेले बृजमोहन गुप्ता की जान बची है ये कार में सबसे पिछली सीट पर बैठे थे। घायल युवक को दौसा के जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## 'एनिमल' के दूसरे पार्ट को लेकर रणबीर कपूर ने किया बड़ा खुलासा,




रणबीर कपूर इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' और नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इन फिल्मों की चर्चा के बीच रणबीर कपूर ने अपनी फिल्म 'एनिमल' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। यह फिल्म कब शुरू होगी? इस बारे में जानकारी साझा की है।कब फिल्म 'एनिमल' का सीक्वल शूट करेंगे रणबीर कपूर? हाल ही में डेडलाइन हॉलीवुड को दिए एक इंटरव्यू में रणबीर कपूर ने 'एनिमल' के सीक्वल को लेकर बात की। वह कहते हैं, 'डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा अभी अपनी दूसरी फिल्म बना रहे हैं। ऐसे में वह फिल्म 'एनिमल पार्क' 2027 में शुरू करेंगे। हमारे पास काफी समय है।' फिल्म की कहानी को लेकरभी दिया बड़ा हिंटरणबीर कपूर ने आगे कहा, 'संदीप रेड्डी वांगा ने थोड़ा बहुत कहानी के बारे में बताया है। वह इसे तीन हिस्सों में बनाना चाहते हैं। दूसरे हिस्से का नाम 'एनिमल पार्क' है। डायरेक्टर ने कहानी को लेकर पहली ही फिल्म से अपना आइडिया शेयर किया था। यह बहुत एक्साइटिंग है क्योंकि अब मुझे दो किरदार निभाने को मिलेंगे, एक विलेन और हीरो। तो यह बहुत ही एक्साइटिंग प्रोजेक्ट है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।'

## चौथे दिन 'बॉर्डर 2' ने तोड़ा 'फाइटर' का रिकॉर्ड




'बॉर्डर 2' ने ओपनिंग डे पर ही जबरदस्त कमाई नहीं, वीकएंड और गणतंत्र दिवस के मौके पर भी छप्परफाड़ कलेक्शन किया है। गणतंत्र दिवस पर तो सनी देओल की फिल्म ने सबसे ज्यादा कमाई की है। जानिए, फिल्म का कुल कलेक्शन कितना रहा? साथ ही क्या नए कमाई के रिकॉर्ड इस फिल्म ने बनाए हैं? 'बॉर्डर 2' ओपनिंग डे से लेकर अब तक जबरदस्त कलेक्शन कर रही है। हर दिन यह फिल्म 'धुरंधर' को कमाई के मामले में पीछे छोड़ रही है। 'बॉर्डर 2' के पास सोमवार को यानी गणतंत्र दिवस के मौके पर कमाई बढ़ाने का अच्छा मौका था। इस फिल्म ने ऐसा किया भी, सनी देओल की फिल्म ने कल यानी 26 जनवरी के दिन रिलीज के बाद सबसे ज्यादा कलेक्शन (सिंगल डे कलेक्शन) किया है। जानिए, फिल्म ने अब तक कुल कितना कलेक्शन कर लिया है।

## कौन हैं दिशा पाटनी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड तलविंदर सिंह सिद्धू?




दिशा पाटनी की लव लाइफ हमेशा चर्चा में रही है। दिशा का नाम पहले अलेक्जेंडर एलेक्स से जोड़ा जाता था, लेकिन उन्होंने कभी इस रिश्ते को कन्फर्म नहीं किया। वहीं नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन की शादी में दिशा एक मास्क पहने शख्स के साथ दिखीं। इसके बाद वह एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में भी उसी शख्स के साथ दिखीं। इस शख्स का नाम तलविंदर सिंह सिद्धू हैं। फैंस जानना चाहते हैं कि आखिर कौन हैं दिशा के रूमर्ड बॉयफ्रेंड तलविंदर सिंह सिद्धू?कौन हैं तलविंदर सिंह सिद्धू?मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिशा पाटनी के साथ दिखने वाला यह शख्स और कोई नहीं बल्कि तलविंदर सिंह सिद्धू है, जिन्हें स्टेज नाम तलविंदर (या Talwiinder) से जाना जाता है। तलविंदर एक पंजाबी सिंगर, गीतकार और म्यूजिक प्रोड्यूसर हैं

## 57 के हुए बॉबी देओल




90 के दशक के चर्चित एक्टर बॉबी देओल एक वक्त के बाद बॉलीवुड से गायब हो गए थे। लेकिन अब उनके करियर का 2.0 फेज चल रहा है, वह सफलता के नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। बॉबी देओल के जन्मदिन (27 जनवरी 1969) के मौके पर जानिए कैसे उन्होंने फिल्मी दुनिया में धमाकेदार वापसी की है?धर्मेंद्र की अभिनय विरासत को आगे बढ़ाने के लिए 90 के दशक में छोटे बेटे बॉबी देओल ने बॉलीवुड में बतौर अभिनेता कदम रखा। करियर के शुरुआती दौर में उनका सिक्का चला भी, कई हिट फिल्में कीं। फिर बॉबी देओल के करियर में ऐसा दौर आया, जब फिल्में फ्लॉप हुईं। दर्शकों का मिजाज भी बदल गया, उन्हें कुछ नया चाहिए था, जिसमें बॉबी फिट नहीं बैठ रहे थे। इस वजह से बॉबी देओल का करियर ग्राफ नीचे चला गया, वह बॉलीवुड से गायब हो गए। फिर कैसे उन्होंने बॉलीवुड में वापसी की? कैसे अपना स्टारडम फिर हासिल किया? जानिए। साल 2023 में संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' में बॉबी देओल ने अबरार नाम का नेगेटिव रोल निभाया।

## प्रीति जिंटा से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक, सेना से है गहरा नाता




आज गणतंत्र दिवस के मौके पर हम आपको उन अभिनेत्रियों से मिलवा रहे हैं जिनके पिता फौज से जुड़े हुए थे। आइए डालते हैं एक नजर।बॉलीवुड की अभिनेत्रियां अलग-अलग बैकग्राउंड से आती हैं। कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं जिनके पिता भारतीय फौज से जुड़े रहे हैं। इन अभिनेत्रियों ने कई मौकों पर अपने पिता के फौज से जुड़े होने को लेकर गर्व से बात भी की है। आज गणतंत्र दिवस 2026 के मौके पर हम आपको ऐसी अभिनेत्रियों से मिलवा रहे हैं जिनके पिता भारतीय फौज से जुड़े रहे हैं।बॉलीवुड को 'वीर जारा', 'कोई मिल गया' और 'कल हो ना हो' जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाली प्रीति जिंटा के पिता दुर्गानंद जिंटा भारतीय फौज में मेजर थे। 1988 में उनका कार हादसे में निधन हो गया था। उस वक्त प्रीति जिंटा सिर्फ 13 साल की थीं। प्रीति जिंटा अक्सर अपने पिता के बारे में बात करती रहती हैं।बॉलीवुड फिल्मों 'सुल्तान', 'रामलीला' और 'पीके' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के पिता अजय कुमार शर्मा फौज में थे। वह 16 गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट से जुड़े थे। अनुष्का शर्मा का मानना है कि आर्मी के परिवार से होने की वजह से उनकी पर्सनैलिटी को आकार मिला।रकुल प्रीत सिंह ने 'दे दे प्यार दे', 'डॉक्टर जी' और 'यारियां' जैसी फिल्मों में अदाकारी की है। उनके पिता कर्नल कुलविंदर सिंह भारतीय सेना में एक अधिकारी थे। वह आर्मी रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी से जुड़े थे। अभिनेत्री की परवरिश सेना के वातावरण में हुई। उन्होंने दिल्ली के आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की। निमरत कौर ने बॉलीवुड की बेहतरीन फिल्मों 'द लंचबॉक्स' और 'एयरलिफ्ट' जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उनके पिता मेजर भूपेंद्र सिंह फौज से जुड़े थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 1994 में कश्मीर में उनके पिता को आतंकवादियों ने किडनैप कर लिया था और उनकी जान ले ली थी। उस वक्त निमरत 12 साल की थीं। लारा दत्ता 'सिंह इज ब्लिंग', 'पार्टनर' और 'झूम बराबर झूम' जैसी फिल्मों में अभिनय करने के लिए जानी जाती हैं। उनके पिता विंग कमांडर एल के दत्ता भारतीय वायु सेना से जुड़े थे। वह एक अनुभवी सैनिक थे,मई 2025 में उनका निधन हो गया।

## India Energy Week: पीएम मोदी बोले

## भारत-ईयू व्यापार समझौते पर बनी सहमति,



इंडिया एनर्जी वीक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार समझौते को लेकर बड़ा बयान दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और ईयू के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बन गई है, जो आने वाले समय में वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने इसे भारत की आर्थिक कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता न सिर्फ व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा, बल्कि ऊर्जा, तकनीक और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सहयोग को भी नई ऊंचाई देगा। भारत और यूरोपीय संघ के बीच बढ़ती साझेदारी से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और वैश्विक बाजार में स्थिरता आएगी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत भरोसेमंद सप्लाई चेन का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत की नीतियां पारदर्शी हैं

## Gold-Silver Prices

## चांदी 7% से ज्यादा टूटी, सोना 1% से अधिक फिसला

मुनाफावसूली के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद चांदी 7 प्रतिशत से ज्यादा टूट गई, जबकि सोना भी 1 प्रतिशत से अधिक फिसल गया। कॉमेक्स पर सोने का भाव 1.16 प्रतिशत गिरकर 5,023.60 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, हालांकि यह अभी भी 5,000 डॉलर के अहम स्तर से ऊपर बना हुआ है। वहीं चांदी की कीमत 6.41 प्रतिशत गिरकर 108.095 डॉलर प्रति औंस पहुंच गई, जो पिछले सत्र में 117.71 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर थी।



घरेलू बाजार में सोने-चांदी के भाव ऊंचे बने हुए हैं। भारत में 24 कैरेट सोने का भाव 1,61,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया, जबकि एक किलो चांदी की कीमत 3,60,100 रुपये रही। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,62,110 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,48,610 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वहीं मुंबई में 22 कैरेट सोना 1,48,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और पटना में 18 कैरेट सोना 1,21,520 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया।

## DoT: वाई-फाई सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए फैसला

## 500 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बिना लाइसेंस उपयोग की मंजूरी



डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस (DoT) ने देश में वाई-फाई सेवाओं को मजबूती देने के लिए एक अहम फैसला लिया है। सरकार ने 500 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को बिना लाइसेंस इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। इस कदम से हाई-स्पीड इंटरनेट की उपलब्धता बढ़ने, नेटवर्क की गुणवत्ता सुधरने और डिजिटल सेवाओं को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। DoT के इस निर्णय के तहत अनलाइसेंस्ड स्पेक्ट्रम का उपयोग वाई-फाई, ब्रॉडबैंड और अन्य वायरलेस सेवाओं के लिए किया जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 500 मेगाहर्ट्ज अतिरिक्त स्पेक्ट्रम मिलने से डेटा ट्रैफिक का दबाव कम होगा और 5G व डिजिटल इंडिया मिशन को भी मजबूती मिलेगी। आने वाले समय में इससे स्मार्ट सिटी, ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल हेल्थ जैसी सेवाओं को भी नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

## Bank Strike: 'ग्राहकों को न हो कोई परेशानी

## यूनियन की हड़ताल को लेकर बैंकों को मिला निर्देश

बैंक यूनियनों की हड़ताल के ऐलान के बीच ग्राहकों की सुविधा को लेकर बैंकों को अहम निर्देश दिए गए हैं। बैंक प्रबंधन और नियामक संस्थाओं ने स्पष्ट कहा है कि हड़ताल के बावजूद यह सुनिश्चित किया जाए कि आम ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए बैंकों को वैकल्पिक व्यवस्था करने, आवश्यक सेवाओं को चालू रखने और डिजिटल प्लेटफॉर्म को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के मुताबिक एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहेंगी। इसके साथ ही जरूरी शाखाओं में सीमित स्टाफ के जरिए आवश्यक कार्यों को निपटाने की व्यवस्था करने को कहा गया है




हालांकि हड़ताल के चलते चेक क्लीयरेंस, शाखाओं से जुड़े कुछ कामकाज और गैर-जरूरी सेवाओं पर असर पड़ सकता है। ऐसे में बैंकों ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से शाखाओं में जाने से बचें और डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। बैंकों को ग्राहकों को पहले से सूचना देने और हेल्पलाइन के माध्यम से सहयोग उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## टैरिफ संकट के बीच केंद्र का बड़ा दांव

## विनिर्माण बढ़ाकर 2035 तक निर्यात तीन गुना करने का लक्ष्य



वैश्विक स्तर पर बढ़ते टैरिफ संकट और संरक्षणवादी नीतियों के बीच केंद्र सरकार ने भारत के निर्यात को मजबूती देने के लिए बड़ी रणनीति तैयार की है। सरकार का लक्ष्य है कि विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त बनाकर वर्ष 2035 तक देश के निर्यात को मौजूदा स्तर से तीन गुना किया जाए। इसके लिए मेक इन इंडिया, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) योजना और घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस रणनीति के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, सेमीकंडक्टर और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ दबाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अनिश्चितता के बीच सरकार की यह पहल भारत को दीर्घकालिक लाभ दे सकती है। यदि नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो आने वाले वर्षों में भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सकती है।

## India-EU FTA: 'गेमचेंजर' होगा समझौता

## अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस से बिना अतिरिक्त क्षमता बढ़ाए

भारत-यूरोपीय संघ (India-EU) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा "गेमचेंजर" माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस बढ़ाने से भारत को बिना अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बढ़ाए भी बड़ा फायदा मिल सकता है। यूरोपीय बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग पहले से मौजूद है और FTA के लागू होने से टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं कम होंगी। इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फार्मा, ऑटो कंपोनेंट्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग गुड्स को यूरोपीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की उम्मीद है।



अमेरिका की तुलना में यूरोप के साथ व्यापार में अनिश्चितताएं कम मानी जाती हैं। अमेरिका जहां समय-समय पर टैरिफ और नीतिगत बदलाव करता रहा है, वहीं यूरोपीय संघ के साथ दीर्घकालिक और नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था की संभावना अधिक है। इससे भारतीय निर्यातकों को स्थिरता और भरोसेमंद बाजार मिलेगा।

## भारत-EU ट्रेड डील: क्या एफटीए में अभी और 'देरी'?

## बातचीत पूरी हुई, वाणिज्य सचिव ने बताया कब होंगे हस्ताक्षर



भारत और यूरोपीय संघ (EU) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को लेकर स्थिति अब काफी हद तक साफ होती दिख रही है। वाणिज्य सचिव ने कहा है कि भारत-EU ट्रेड डील पर बातचीत पूरी हो चुकी है और अब केवल औपचारिक प्रक्रियाएं बाकी हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या समझौते के हस्ताक्षर में अभी और देरी होगी या जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। वाणिज्य सचिव के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच अधिकांश मुद्दों पर सहमति बन चुकी है और कानूनी व तकनीकी पहलुओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खासकर भारत के लिए टेक्सटाइल, फार्मा, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को यूरोपीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की उम्मीद है। फिलहाल संकेत यही हैं कि बातचीत पूरी होने के बावजूद हस्ताक्षर में थोड़ी औपचारिक देरी हो सकती है, लेकिन इसे लंबा खींचने के मूड में कोई भी पक्ष नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह डील लागू होते ही भारत-EU आर्थिक संबंधों में नया अध्याय शुरू होगा।

## Budget 2026: क्या सस्ता होगा और क्या महंगा?

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आम लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में क्या सस्ता होगा और किन चीज़ों पर जेब और ढीली करनी पड़ेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए इनकम टैक्स में कुछ छूट, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने और हेल्थ व एजुकेशन सेक्टर को प्रोत्साहन देने की उम्मीद है, जिससे इलाज, बीमा और पढ़ाई से जुड़े खर्च सस्ते हो सकते हैं। वहीं, इन्फ्रास्ट्रक्चर और हरित ऊर्जा पर जोर के चलते सीमेंट, स्टील और कुछ निर्माण सामग्री के दाम बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।



पेट्रोल-डीजल और गैस पर बड़ी राहत के संकेत फिलहाल कमजोर माने जा रहे हैं, जिससे परिवहन और घरेलू खर्च महंगे रह सकते हैं। कुल मिलाकर बजट 2026 में सरकार की कोशिश विकास और राजकोषीय संतुलन के साथ आम आदमी को सीमित राहत देने की रहने की उम्मीद है।

# लंबे इंतजार के बाद उम्मीद जागी!: 12 साल बाद शूमाकर की जिंदगी में लौटी हलचल, घर में व्हीलचेयर से घूम पा रहे हैं


माइकल शूमाकर अब पूरी तरह बिस्तर पर सीमित नहीं हैं और व्हीलचेयर की मदद से अपने घर में घूम सकते हैं। 2013 की दुर्घटना के 12 साल बाद यह रिकवरी आशा जगाने वाली है। उनकी प्राइवेसी कोरिना शूमाकर संभाल रही हैं, जबकि विशेषज्ञ 24 घंटे मेडिकल सपोर्ट दे रहे हैं। संचार सीमित है, लेकिन जागरूकता में सुधार देखा गया है। फॉर्मूला-1 के महानतम ड्राइवरों में शुमार माइकल शूमाकर की जिंदगी में 12 साल बाद एक ऐसा मोड़ आया है जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। सात बार के विश्व चैम्पियन शूमाकर अब पूरी तरह बिस्तर पर आश्रित नहीं हैं और रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह अब व्हीलचेयर की सहायता से अपने घर में इधर-उधर जा सकते हैं। लंबे समय तक सिर्फ मेडिकल रूम तक सीमित रहने वाले शूमाकर की रिकवरी में यह बदलाव डॉक्टरों, परिवार और दुनिया भर के उनके प्रशंसकों के लिए बड़ी राहत है। 2013 की स्कीइंग दुर्घटना के बाद शूमाकर की स्थिति हमेशा गोपनीय रखी गई। परिवार ने मीडिया से दूरी बनाए रखी ताकि उपचार और मानसिक



शांति प्रभावित न हो। हाल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूमाकर अब सीधा बैठ सकते हैं और सीमित रूप से इशारों या आंखों की प्रतिक्रिया के जरिए आसपास की चीजों को समझ सकते हैं। ब्रिटिश टेबलॉयड द डेली मेल ने दावा किया कि शूमाकर की संज्ञानात्मक जागरूकता में कुछ सुधार देखने को मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, उनका संचार अत्यंत सीमित है, लेकिन वे अपने आसपास की दुनिया को आंशिक रूप से प्रोसेस कर पाते हैं। शूमाकर की रिकवरी की इस यात्रा में उनकी पत्नी कोरिना शूमाकर की भूमिका सबसे मजबूत आधार रही है।

# इंडियन एजेंट' विवाद दोबारा भड़का: BCB ने विवादित अधिकारी

BCB ने विवादित अधिकारी एम. नजमुल इस्लाम को फिर से बहाल कर दिया है, जिससे राष्ट्रीय टीम में नाराजगी और अविश्वास बढ़ गया है। इससे पहले नजमुल ने तमीम इकबाल को इंडियन एजेंट कहा था और खिलाड़ियों के भुगतान पर विवाद पैदा किया था। विश्व कप से बाहर किए जाने के तुरंत बाद यह कदम बांग्लादेश क्रिकेट के लिए और संकटपूर्ण माना जा रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। पहले सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भारत में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम भेजने से इनकार किया, जिसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। यह निर्णय बांग्लादेशी क्रिकेट में पहले ही तनाव की स्थिति बना रहा था, लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का एक और कदम क्रिकेटरों के बीच असंतोष का कारण बन गया है। दरअसल, बीसीबी ने अपने विवादित डायरेक्टर एम. नजमुल इस्लाम को वित्त विभाग के प्रमुख पद पर फिर से नियुक्त कर दिया है। कुछ दिन पहले ही उन्हें सभी कार्यभारों से हटाया गया था, लेकिन



बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, अब उनकी वापसी ने खिलाड़ियों में गहरा असंतोष पैदा कर दिया है। बीसीबी के इस फैसले के तुरंत बाद राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों में नाराजगी की आवाजें सुनाई दीं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, एक खिलाड़ी ने तंज कसते हुए कहा, 'यह तो अच्छी खबर है।' वहीं दूसरे खिलाड़ी ने वर्तमान माहौल पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'आप समझ सकते हैं यहां चीजें कैसे हो रही हैं।' इन बयानों से स्पष्ट होता है कि टीम के भीतर विश्वास का संकट गहरा चुका है और खिलाड़ी बोर्ड के निर्णयों से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बांग्लादेश टेस्ट कप्तान नजमुल हसन शांतो ने भी मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई और खिलाड़ियों पर मानसिक दबाव की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा, 'हम बहुत दबाव में हैं और इस स्थिति में संतुलित तरीके से सोचने की जरूरत है। अब सवाल यह है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड किस दिशा में जा रहा है?

# ICC टूर्नामेंट में खेलने से इनकार के 5 मामले: टी20 विश्वकप 2026

ICC टूर्नामेंटों में राजनीतिक, सुरक्षा और राजनयिक कारणों से कई बार टीमें मेजबान देश में खेलने से इनकार कर चुकी हैं। बांग्लादेश का हालिया मामला नया जरूर है, पर अनोखा नहीं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूज़ीलैंड, जिम्बाब्वे जैसी टीमें भी विभिन्न कारणों से मैच छोड़ चुकी हैं। यह इतिहास बताता है कि क्रिकेट सिर्फ मैदान पर नहीं, बल्कि भू-राजनीति, सुरक्षा और कूटनीति से भी प्रभावित होता है।




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा बांग्लादेश को टी20 विश्व कप 2026 से हटाने और उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल करने का निर्णय विवाद को समाप्त नहीं कर पाया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम भेजने से इनकार कर दिया था, सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए। इसके तुरंत बाद आईसीसी ने बांग्लादेश को प्रतिस्पर्धा से बाहर करते हुए स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। दूसरी तरफ, पाकिस्तान की ओर से भी विश्व कप के बहिष्कार की धमकी दी जा रही है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दो फरवरी तक अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करेगा। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब किसी टीम ने किसी मेजबान देश में खेलने से इनकार किया हो। आईसीसी टूर्नामेंटों की इतिहास में कई ऐसे अवसर आए हैं जब राजनीति, सुरक्षा या राजनयिक तनावों के चलते टीमें किसी मेजबान देश में खेलने को तैयार नहीं हुईं।

# T20 World Cup: टी20 विश्वकप के लिए स्कॉटलैंड की 15 सदस्यीय टीम घोषित, बांग्लादेश के हटने पर हुई थी एंट्री

बांग्लादेश के हटने के बाद ICC ने स्कॉटलैंड को टी20 विश्वकप 2026 में शामिल किया। स्कॉटलैंड ने 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है और टीम भारत-श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयार है। टीम के हेड ऑफ परफॉर्मेंस ने टीम को संतुलित बताते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) द्वारा सुरक्षा कारणों के चलते भारत में होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप 2026 में अपनी टीम भेजने से इनकार के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इसके बाद यूरोपीय टीम स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में जगह दी गई। स्कॉटलैंड की टीम ने सोमवार को टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। घोषित 15 खिलाड़ियों के अलावा स्कॉटलैंड ने दो 'ट्रैवलिंग रिजर्व' और तीन 'नॉन-ट्रैवलिंग रिजर्व' खिलाड़ियों का चयन भी किया है। टीम को ग्रुप सी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला इंग्लैंड, इटली, नेपाल और वेस्टइंडीज से होगा। स्कॉटलैंड का पहला मुकाबला सात फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। क्रिकेट स्कॉटलैंड के हेड ऑफ परफॉर्मेंस स्टीव स्नेल ने टीम के चयन को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा, 'कोचिंग स्टाफ, सेलेक्टर्स और मैं सभी चुनी गई टीम को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह संतुलित है और भारत में मिलने वाली परिस्थितियों और चुनौतियों के लिए तैयार है।



# RCB W vs MI W: मुंबई की आरसीबी पर 15 रन से जीत

## नेट शीवर-ब्रंट ने रचा इतिहास; डब्ल्यूपीएल का पहला शतक जड़ा

मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 15 रन से हरा दिया। वडोदरा में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने 20 ओवर में चार विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 184 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 15 रन से हरा दिया। सोमवार को वडोदरा में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नेट शीवर ब्रंट के नाबाद शतक और हीली मैथ्यूज की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में आरसीबी निर्धारित ओवरों में नौ विकेट पर 184 रन ही बना सकी। उनके लिए ऋचा घोष ने सर्वाधिक 90 रनों की पारी खेली। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने एक मजबूत और संतुलित पारी खेलते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 199 रन बनाए। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद हीली मैथ्यूज और नेट शीवर ब्रंट ने पारी को संभाला और आक्रामक अंदाज में आगे बढ़ाया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 131 रन की शानदार साझेदारी हुई, जिसने मुंबई को बड़े स्कोर की ओर पहुंचाया। हीली मैथ्यूज ने 39 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 56 रन बनाए, जबकि ब्रंट ने पूरे मैच पर अपना दबदबा कायम रखते हुए नाबाद रहते हुए शतक जड़ा। अंत के ओवरों में मुंबई ने रन गति बनाए रखी और आरसीबी के गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया। आरसीबी की ओर से लॉरेन बेल सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जिन्होंने दो विकेट लिए। नेट शीवर ब्रंट ने महिला प्रीमियर लीग के इतिहास में पहला शतक जड़कर इतिहास रच दिया। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ वडोदरा में खेले गए मुकाबले में 57 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और 1 छक्का शामिल था। इस पारी के साथ वह डब्ल्यूपीएल इतिहास की सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर सूची में शीर्ष पर पहुंच गईं। उनसे पहले जॉर्जिया वॉल (99*), सोफी डिवाइन (99), एलिसा हीली (96*), बेथ मूनी (96*) और स्मृति मंधाना (96) जैसे बड़े नाम शतक से चूक गए थे, लेकिन ब्रंट ने यह उपलब्धि हासिल कर महिला प्रीमियर लीग में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91 7088120612



